# MP BOARD CLASS 10 SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER 6 WITH ANSWER

:: खण्ड - अ ::

वस्तुनिष्ठ प्रश्न -

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) लावा की चट्टानों से निर्मित मिट्टी ....... मिट्टी है।

(2) वन-महोत्सव के जन्मदाता ............. हैं।

(3) भारतीय वन अनुसन्धान केन्द्र ............ में स्थित है।

(4) ............. मिट्टी का निर्माण नदियों द्वारा पर्वतों से बहाकर लाए गए अवसादों के निक्षेपण से हुआ है।

(5) भिलाई इस्पात कारखाना .......... राज्य में स्थित है।

प्रश्न 2. प्रत्येक का एक वाक्य/शब्द में उत्तर दीजिए:

(अ) ताशकन्द समझौते पर हस्ताक्षर किन देशों ने किए?

(ब) भारत में रेल सेवा किस वर्ष से आरम्भ हुई?

(स) किस संविधान संशोधन के द्वारा संविधान में मौलिक कर्तव्य जोड़े गये?

(द) मध्य प्रदेश की विधानसभा की सदस्य संख्या क्या है?

(इ) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना कब लागू की गयी?

प्रश्न 3. सही विकल्प चुनकर लिखिएः

(अ) मानव जनित आपदा है(i) सूखा

(ii) बाढ़ (iii) भूस्खलन (iv) सड़क दुर्घटना

(ब) निम्नलिखित में जैविक आपदा है-

(i) बम विस्फोट (ii) ज्वालामुखी (iii) बर्ड फ्लू

(iv) सुनामी (स) कांग्रेस का विभाजन हुआ था-

(i) सूरत अधिवेशन में (ii) नागपूर अधिवेशन में

(iii) लाहौर अधिवेशन में (iv) मुम्बई अधिवेशन में

(द) पंजाब के गवर्नर ओ. डायर की गोली मारकर हत्या की थी-

(i) भगत सिंह ने (ii) चन्द्रशेखर आजाद ने (iii) ऊधमसिंह ने (iv) मंगल पाण्डे ने

(इ) नशा मुक्ति के लिए मद्य-निषेध अभियान चलाया था-

(i) जवाहरलाल नेहरू ने ( ii) लाल बहादुर शास्त्री ने ( iii) स्वामी विवेकानन्द ने ( iv) महात्मा गांधी ने

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइये।

| | |
|---|---|
| (अ) जॉब कार्ड | (1) कालाबाजारी |
| (ब) मछली पालन | (2) भारतीय नमक संस्थान |
| (स) आई.एस.आई. | (3) प्राथमिक क्षेत्र |
| (द) पूँजीवाद | (4) पंजीकृत परिवार |
| (इ) उपभोक्ता शोषण | (5) व्यक्तियों का |

प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए :

(अ) बिजली के उपकरणों पर एग्मार्क का चिन्ह होता है।

(ब) भारत सरकार ने सन् 2005 ई. को सूचना प्राप्त करने का अधिकार कानून बनाया है।

(स) शोषण से निदान का सबसे महत्त्वपूर्ण उपाय उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता है।

(द) किसी भी देश की प्रगति शिक्षा और स्वास्थ्य पर निर्भर

(इ) किसी भी देश के विकास में ऊर्जा संसाधनों का महत्त्व नहीं होता है।

:: खण्ड - ब ::

प्रश्न 6. भौम जल पानी के स्रोत क्या हैं?

अथवा

अभ्रक के कोई दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न 7. 1857 की क्रान्ति के प्रमुख केन्द्र कौनकौन से थे?

अथवा

सहायक सन्धि व्यवस्था क्या थी? इसको किसने लागू किया था?

प्रश्न 8. आर्थिक विकास की माप के प्रमुख मापदण्ड कौन-कौन से हैं? लिखिए।

अथवा

बैंक तथा गैर-बैकिंग वित्तीय कम्पनियों में मुख्य अन्तर क्या है?

प्रश्न 9. 'अधोसंरचना' किसे कहते हैं?

अथवा

सेवा क्षेत्र का कृषि में योगदान बताइए।

प्रश्न 10. उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है?

अथवा

कालाबाजारी किसे कहते हैं?

प्रश्न 11. वनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

अथवा

जलोढ़ मिट्टी की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 12. शक्ति के संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

अथवा

बॉक्साइट का उपयोग बताते हुए उसके वितरण पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

प्रश्न 13. ब्रिटिश शासन से भारतीय शासकों में असन्तोष के क्या कारण थे?

अथवा

सन् 1857 ई. की क्रान्ति में मंगल पाण्डे की क्या भूमिका रही? ।

प्रश्न 14. 'बाल-लाल-पाल' से क्या तात्पर्य है?

अथवा

'राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्' की स्थापना क्यों की गई थी?

प्रश्न 15. महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग क्यों केन्द्रित है?

अथवा

ध्वनि प्रदूषण को नियन्त्रित करने के कोई चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 16. सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा किस प्रकार महत्वपूर्ण है?

अथवा

किन्हीं चार संचार साधनों के बारे में लिखिए।

प्रश्न 17. प्राकृतिक आपदाओं के लिए वनों का विदोहन उत्तरदायी है। गन्या यह सच है ? समझाइए।

अथवा

बाढ़ नियन्त्रण के कोई चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 18. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना को लिखिए।

अथवा

जंगल सत्याग्रह क्या था? लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 19. महाराजा हरीसिंह ने भारत सरकार से सहायता कब और क्यों माँगी थी?

अथवा

भारत में आपातकाल की घोषणा कौन करता है। तथा वह कितने प्रकार की होती है?

प्रश्न 20. संविधान का क्या महत्व है? लिखिए।4

अथवा

संसदीय शासन प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

वैश्वीकरण को प्रोत्साहित करने वाले प्रमुख चार कारक लिखिए।

प्रश्न 22. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(1) मुम्बई, (2) अरब सागर, (3) चिल्का झील, (4) थार का मरूस्थल, (5) सांताक्रुज।

अथवा

निम्न वायुमापन संकेतों को स्पष्ट कीजिए-

(1) ललित वायु, (2) मन्द समीर, (3 ) धीर समीर, (4) अल्पबल समीर, (5) सबल समीर।

प्रश्न 23. "मुस्लिम लीग के कार्यों ने पाकिस्तान के निर्माण की पृष्ठभूमि तैयार की। " समझाइए।

अथवा

झण्डा सत्याग्रह किस प्रकार हुआ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 24. संयुक्त राष्ट्र संघ ने कश्मीर समस्या पर क्या रिपोर्ट दी थी? लिखिए।

अथवा

भारत-बांग्लादेश सम्बन्धों पर एक विस्तृत लेख लिखिए।

प्रश्न 25. मुख्यमन्त्री के कोई पाँच कार्य लिखिए। 5

अथवा

पंचायती राज व्यवस्था को समझाते हुए स्थानीय संस्थाओं के कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय लिखिए।

अथवा

आतंकवाद का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है? इसे दूर करने के उपाय लिखिए।

**ANSWER**

:: खण्ड (अ) ::

उत्तर- 1. 1. काली, 2. के.एम.मुंशी, 3. देहरादून, 4. जलोढ़, 5. छत्तीसगढ़।

उत्तर- 2. (अ) भारत एवं पाकिस्तान, (ब) 1853, (स) 42वें संशोधन द्वारा, (द) 230, (इ) 1 अप्रैल 1951 से।

उत्तर- 3. (अ)-(iv), (ब)-(iii), (स)-(i), (द)-(iii), (इ)-(iv)।

उत्तर- 4. (अ) 4, (ब) 3, (स) 2, (द) 5, (इ) 1

उत्तर- 5. (अ) असत्य, (ब) असत्य, (स) सत्य, (द) सत्य, (इ) असत्य।

http://www.mpboardonline.com